शहडोल में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री स्कूटी योजना' लॉन्च

चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 2022-23 में प्रथम स्थान पाने वाले 7 हज़ार 790 विद्यार्थियों को स्कूटी खरीदने के लिये राशि प्रदान की और 'मुख्यमंत्री स्कूटी योजना' को लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने प्रतीक स्वरूप शहडोल संभाग के छह विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी सौंपी तथा 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' के प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किये।
- उल्लेखनीय है कि 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिये 'मुख्यमंत्री स्कूटी योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना के ज़रिये इन विद्यार्थियों को स्कूटी खरीदने के लिये सरकार इनके अकाउंट में राशि जारी करेगी। प्रदेश के 8 हज़ार छात्र-छात्राओं को हर साल इसका लाभ मिलेगा।
- इस योजना का लाभ पाने के लिये विद्यार्थियों को आवेदन देना होगा, जिसमें उन्हें इस बात का भी जिक्र करना होगा कि वे इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदना चाहते हैं या फिर पेट्रोल स्कूटी। इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिये सरकार 1 लाख 20 हज़ार रुपए देगी, जबकि सामान्य स्कूटी के लिये 90 हज़ार रुपए जारी किये जाएंगे।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल में शीघ्र ही एयरपोर्ट निर्मित किया जाएगा। इससे क्षेत्र में उद्योग स्थापना और निवेश को गति मिलेगी, जिससे रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।
- मुख्यमंत्री ने शहडोल को नगर निगम बनाने तथा यहाँ एक और महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा भी की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्रीड़ा परिसर विचारपुर में 6 करोड़ 43 लाख रुपए लागत से बनी एशिया की सबसे बड़ी आईएससी प्रमाणित स्पोटर्स क्लाइम्बिंग वॉल का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।
- इसके साथ ही 96 करोड़ 62 लाख रूपए के कार्यों का भूमि-पूजन किया तथा 6.43 करोड़ रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री ने युवा अन्नदूत योजना, एसएसजी क्रेडिट लिंकिज, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन और मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये।
- इस अवसर पर शहडोल ज़िले में विद्यालयीन स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम
7800 विद्यार्थियो
को स्कूटी वितरण
कु. सरिता सिंह
शास.उ.मा.वि.
बड़वाही

//

HONDA

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-scooty-yojana